CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 216 ▫ रायपुर, शनिवार 29 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हादसों का शनिवार

# अलग-अलग सड़क हादसों में 6 की मौत

### बिलासपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने 3 जिंदगियां छीनी, बाइक को घसीटता रहा वाहन



**बिलासपुर, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक बाइक को 30 फीट तक घसीटता रहा। बाइक बुरी तरह डैमेज हो गई और तीनों के शव सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। घटना तखतपुर थाना क्षेत्र की जूनापारा पुलिस चौकी के पास की है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जूनापारा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक बाइक को कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में तीनों युवकों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर आवाजाही बंद रही। सूचना मिलते ही जूनापारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने भीड़ हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई।

पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया। मृतकों के पास तत्काल पहचान से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले हैं। पुलिस आसपास के गांवों में संपर्क कर मृतकों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रक और चालक की तलाश के लिए मुख्य मार्गों और आसपास के ढाबों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### दल्लीराजहरा व भानुप्रतापपुर सड़क हादसों में 2 की मौत, 2 घायल





**बालोद/भानुप्रतापपुर, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान सड़क हादसों ने 2 लोगों की जान ले ली. शनिवार को सुबह दल्लीराजहरा की ओर जा रहे बाइक सवारों की सड़क पर खड़े ट्रक से टक्कर हो गई, जबकि दो घायल हो गए. इसके अलावा अज्ञात वाहन ने अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया. यह हादसे कांकेर और बालोद जिले से सामने आए हैं.

बालोद जिले में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा सोरर गांव के पास हुआ. मृतक करहीभदर से अपने गांव लिमोरा जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. मृतक की पहचान ननकी विश्वकर्मा, पिता बंसी विश्वकर्मा, उम्र 56 वर्ष, निवासी ग्राम लिमोरा के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि वह करहीभदर से अपने गांव लिमोरा की ओर जा रहा था. इसी दौरान सोरर गांव के पास यह हादसा हो गया घटना की सूचना मिलते ही बालोद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है.

इधर भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. ग्राम किनारी से बाइक पर सवार होकर तीन लोग दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सीटी ढाबा के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे बाइक जा घुसी. हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, बाइक पर तिलक कमेटी, रमिता कमेटी और जमुना मंडावी सवार थे. सीटी ढाबा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तिलक कमेटी की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं रमिता कमेटी और जमुना मंडावी गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची. टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. घटना की जानकारी मिलने के बाद भानुप्रतापपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार-बाइक में भिड़ंत: एक की मौके पर मौत; एक गंभीर



**बसना, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** पदमपुर रोड के सरेकेला मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में खरोरा निवासी श्रीधर साव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी प्रेम साव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जी-5228 से जगदलपुर से पदमपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पदमपुर से बसना की ओर आ रही एक इनोवा कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि श्रीधर साव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि प्रेम साव गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही खरोरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की पुष्टि जगदलपुर टीआई दीप्ति रंजन ने की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल बाढ़ में अब तक 626 लोगों की मौत

### 2400 से ज्यादा लापता



**नई दिल्ली, 29 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** नेपाल बाढ़ त्रासदी में अब तक 626 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। नेपाल सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक लापता लोगों की संख्या 2426 है। प्रभावित इलाकों में तेजी से राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। नेपाल के दक्षिणी मध्य तराई क्षेत्र के चितवन जिले के अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ से अब तक बरामद किए गए 233 शवों में से केवल चार की ही पहचान हो पाई है। चितवन जिला प्रशासन कार्यालय ने एक बयान में कहा, स्वास्थ्य संस्थानों और नदी तटों से एकत्र किए गए शव/अवशेष सड़ने की अवस्था में हैं और अब उनकी पहचान करना संभव नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि शेष 229 शवों को हिरासत केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों में रखा जा रहा है, और डीएनए के नमूने अभी भी एकत्र किए जा रहे हैं और उनका रिकॉर्ड रखा जा रहा है।

त्रिशुली नदी में भारी बारिश के कारण मौसम की स्थिति बिगड़ने से बचाव अभियान अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। जानकारी के अनुसार खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर पा रहे हैं।

### नेपाल गई बिलासपुर की महिला से टूटा संपर्क, परिजनों के साथ जिला प्रशासन भी पतासाजी में जुटा



**बिलासपुर, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** नेपाल में आई आपदा में छत्तीसगढ़ के भी अनेक लोगों के लापता होने की सूचना मिल रही है. इस कड़ी में नया नाम बिलासपुर के राजकिशोर नगर में रहने वाली मंजू रॉय चौधरी का भी नाम शामिल हो गया है, जिनसे 25 अगस्त को आखिरी बार परिजनों की बात हुई थी. परिजनों की चिंता के बीच जिला प्रशासन भी मंजू राय चौधरी की पतासाजी में जुटा गया है। जानकारी के अनुसार, मंजू रॉय चौधरी 21 अगस्त को कोलकाता से 30 लोगों के दल के साथ नेपाल के लिए रवाना हुई थी. उनका 3 सितंबर तक नेपाल में रुकना तय था. इसी दौरान नेपाल में आई आपदा के बाद से उनका संपर्क परिजनों से टूट गया है। बताया जा रहा है कि महिला अकेले बिलासपुर में रहा करती थी, वहीं परिजन कोलकाता में निवास करते हैं. परिजनों के पास ग्रुप में शामिल अन्य लोगों के संपर्क नंबर भी उपलब्ध नहीं होने से संपर्क नहीं हो रहा है. ऐसी स्थिति में परिजनों की परेशानी को देखते हुए बिलासपुर जिला प्रशासन ने महिला की पतासाजी के लिए प्रयास शुरू किया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### देहदान नहीं, अंगदान करें: पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर विवाद, डॉक्टरों ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली, 29 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखोपाध्याय के देहदान को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। न्यूटाउन में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि लोगों को पूरा शरीर दान करने के बजाय अंगदान को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनके बयान पर राज्य के कई चिकित्सकों और देहदान आंदोलन से जुड़े लोगों ने आपत्ति जताई है। मंत्री ने कहा कि अंगदान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है और आज इसकी आवश्यकता अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में शव विच्छेदन की जरूरत पहले जैसी नहीं रही। ज्योति बसु के देहदान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि उनके मस्तिष्क की मृत्यु के समय अंगदान होता तो उसका अधिक चिकित्सकीय उपयोग हो सकता था। देहदान आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि अंगदान और देहदान की उपयोगिता अलग-अलग है। अंगदान से मरीजों का जीवन बचाया जाता है, जबकि देहदान से मेडिकल विद्यार्थियों को मानव शरीर रचना समझने और चिकित्सकीय प्रशिक्षण में मदद मिलती है। चिकित्सकों के अनुसार, एमबीबीएस की पढ़ाई में शव विच्छेदन अब भी महत्वपूर्ण है।

### रक्षाबंधन के दिन दर्दनाक हादसा: बहन की अस्थियां विसर्जित करने पहुंचा युवक खारुन नदी में डूबा



**रायपुर, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रक्षाबंधन के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। महादेव घाट पर बहन की अस्थियां विसर्जित करने पहुंचे युवक की खारुन नदी में डूब गया। बताया जा रहा है कि अस्थि विसर्जन के बाद नदी में नहाते समय युवक गहरे पानी में चला गया और एनीकट के नीचे बने भंवर में फंसकर डूब गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान रायपुरा के सतनामी पारा निवासी युधिष्ठिर सारंग (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युधिष्ठिर अपनी बहन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए अपने जीजा और अन्य परिजनों के साथ महादेव घाट पहुंचा था। परिवार के लोगों ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इसके बाद युधिष्ठिर नदी में नहाने के लिए उतरा। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी की ओर चला गया। नदी में पानी का बहाव तेज था और एनीकट के नीचे भंवर बना हुआ था। नहाते समय युधिष्ठिर इसी भंवर की चपेट में आ गया और देखते ही देखते पानी में डूब गया। परिजनों और आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश शुरू की गई। हालांकि अभी तक युवक का शव बरामद नहीं किया जा सका है। इस हादसे से मृतक के परिवार में मातम पसर गया है।

### बरेली में भाजपा नेता की हत्या, हमलावरों ने चाकू से किए हमला

**नई दिल्ली, 29 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** बरेली में रक्षाबंधन की रात सुभाषनगर क्षेत्र के बंसीनगला में पुरानी रंजिश की वजह से भाजपा मणिनाथ मंडल (ओबीसी मोर्चा) के उपाध्यक्ष सचिन कश्यप की चाकू से मारकर हत्या कर दी गई। शुक्रवार रात करीब 12 बजे घर के पास बगिया में हमलावरों ने सचिन को घेर लिया और गले समेत शरीर पर कई जगह चाकू से वार किए। घायल सचिन खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### थाने में वाटर कूलर छूते ही युवक की गई जान, बचाने पहुंचा पुलिसकर्मी भी आया करंट की चपेट में




**रायपुर, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना परिसर में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। थाने के बाहर लगे वाटर कूलर को छूते ही एक युवक करंट की चपेट में आ गया। तेज विद्युत प्रवाह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक को बचाने पहुंचे पुलिस आरक्षक भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए। घायल आरक्षक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान रमेश ठाकुर (32) निवासी बिल्हा, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रमेश किसी काम से विधानसभा थाना आया था। इसी दौरान वह थाना परिसर के बाहर लगे वाटर कूलर के पास पानी पीने पहुंचा। जैसे ही उसने वाटर कूलर को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गया और जमीन पर गिर पड़ा।

रमेश को करंट लगा देखकर आसपास मौजूद पुलिसकर्मी उसकी मदद के लिए दौड़े। इसी दौरान आरक्षक गणेश भी विद्युत प्रवाह की चपेट में आ गए और झुलस गए। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कराई। रमेश को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घायल आरक्षक गणेश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद थाना परिसर में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस और विद्युत विभाग की जांच के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं सीएसईबी के अधिकारी और कर्मचारी भी थाना परिसर पहुंचे और वाटर कूलर समेत पूरे विद्युत कनेक्शन की जांच शुरू की। प्राथमिक तौर पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वाटर कूलर में करंट कैसे आया और विद्युत प्रवाह बाहर तक कैसे पहुंचा।

## बिरादरी की बातें

**चूहा- सुनती हो, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि पड़ोसी देशों की आपदा में मजबूती से खड़े होने की जरूरत है..!**

**चुहिया- हां जी, ये तो राजनीति है, पीएम मोदी को बैठने ही कहां मिलता है..!**

## लाल किला ब्लास्ट केस: एनआईए की चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान, एक मृतक समेत कुल 14 आरोपी



### 9 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली, 29 अगस्त ( न्यूज चैनल )।** दिल्ली में लाल किले पर हुए विस्फोट मामले में विशेष एनआईए अदालत ने शनिवार को आरोप पत्र का संज्ञान लिया है। यह मामला नवंबर 2025 में दिल्ली के लाल किला के पास हुए एक कार विस्फोट से जुड़ा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में कुल 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए हैं। एनआईए ने पहले 12 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ एक आरोप पत्र दायर किया था। बाद में, दो अन्य आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ एक पूरक आरोप पत्र भी दाखिल किया गया। अदालत द्वारा इन आरोप पत्रों का संज्ञान लेना मामले की न्यायिक प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका अर्थ है कि अदालत ने आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है।

अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। आरोपियों में से एक, उमर उन नबी, विस्फोट में ही मारा गया था। एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है। इस मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को निर्धारित की गई है। यह सुनवाई मामले की प्रगति और आगे की कार्रवाई तय करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। एनआईए ने इस मामले में अपनी जांच पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किए थे। पहला आरोप पत्र 12 आरोपियों के खिलाफ था। जांच के दौरान मिले नए सबूतों और अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के आधार पर पूरक आरोप पत्र दायर किया गया। पूरक आरोप पत्र में दो अतिरिक्त आरोपियों को नामजद किया गया है। इन कदमों से जांच एजेंसी ने अपनी विस्तृत पड़ताल प्रस्तुत की है। मामले में कुल 14 आरोपी हैं, जिनमें से एक उमर उन नबी विस्फोट स्थल पर ही मारा गया था। एक अन्य आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। शेष आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। विशेष एनआईए अदालत में अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी। इस सुनवाई में मामले की आगे की दिशा तय की जाएगी।

### पोटाकेबिन की 47 छात्राएं बीमार, अस्पताल में इलाज जारी, एक की हालत गंभीर



**सुकमा, 29 अगस्त ( हाईवे चैनल )।** जिले के बालिका पोटाकेबिन पोलमपल्ली की 47 छात्राओं के दो दिन में अचानक बीमार होने से हड़कंप मच गया है. छात्राओं को बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद उपचार के लिए दोरनापाल स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. इनमें से एक छात्रा को सुकमा जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद कुछ छात्राएं स्वस्थ होकर पोटाकेबिन वापस लौट चुकी हैं, जबकि 23 छात्राओं का दोरनापाल स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है. वहीं, एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए सुकमा जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि पोटाकेबिन पोलमपल्ली में करीब 350 छात्राएं अध्ययनरत हैं. लगातार छात्राओं के बीमार पड़ने के बाद संस्थान की भोजन, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. फिलहाल छात्राओं के बीमार पड़ने की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है. स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

CMYK